**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**11.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री – सांसद फ्लैट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित एक सौ 84 टाइप–7 बहुमंज़िला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत अपनी ज़िम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील है और विकास के लिए आकांक्षी है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 3 सौ 50 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की कमी सरकारी खर्च में वृद्धि का कारण भी है। उन्होंने इन फ्लैटों के निर्माण में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों की भी सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों को अपने पुराने आवासों की खराब स्थिति के कारण बार–बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब सांसद अपने व्यक्तिगत आवासीय मुद्दे से मुक्त होंगे, तो वे अपना समय और ऊर्जा सार्वजनिक चिंताओं का समाधान करने में प्रभावशाली तरीके से समर्पित कर सकेंगे।

---

**राजीव भारद्वाज**

केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कांगड़ा ज़िले में 2 लाख 98 हज़ार 3 सौ 96 और चम्बा में 93 हज़ार 8 सौ 62 पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। प्रताप राव जाधव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने अक्तूबर 2024 में योजना का विस्तार करते हुए 70 साल से अधिक उम्र के साढ़े 4 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ लोगों को वंदना कार्ड प्रदान करके प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए की मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान की है।

---

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत राज्य सरकारों व केन्द्रशासित प्रदेशों को पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। ये बात उन्होंने संसद में राज्यसभा सांसद

इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में कही। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में पर्यटन ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2024–25 के दौरान स्वदेश दर्शन योजना के तहत

माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास के लिए 56 करोड़ 26 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि बीते वित्त वर्ष के दौरान चैलेंज बेस्ड डैस्टिनेशन डवैलपमेंट के अंतर्गत लाहौल–स्पीति ज़िला के काज़ा उपमण्डल में पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए 24 करोड़ 82 लाख जबकि रकछम–छितकुल के लिए 4 करोड़ 96 लाख की राशि मंजूर की गई।

-------------------------------------------------------

**हर घर तिरंगा–फिल्म महोत्साव**

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति फिल्म महोत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। यह महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है।

इधर, प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 15 अगस्त तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के एक प्रवक्ता के अनुसार कल प्रदेशभर में भाजपा के एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस आयोजित होगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहरया जाएगा।

-------------------------------------------------------